

सुनहरा
100 वाँ वर्ष

# आज

मात्र
2 रूपये में



जान्हवी ने खरीदी ढाई करोड़ की मर्सिडीज ...11 | यूपी में दो लाख नौकरियां ...2 | डु प्लेसिस की खिलाड़ियों को ...12

www.ajhindidaily.com लखनऊ, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2019 • नगर संस्करण पृष्ठ 12 | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित



# पेड़ों पर पेन्टिंग तथा चित्रकारी की गयी

(आज समाचार सेवा)

**लखनऊ, शुक्रवार।** एण्टीट्रमाईटड' ट्रीटमेन्ट के उपरान्त प्राइमर तथा पेन्ट, जिसमें कोई नुकसान दायक केमिकल नहीं है, से पेन्टिंग व चित्रकारी हो रही है। पेड़ों के स्वरूप में बिना कोई फेरबदल किये उन्हें पेन्ट किया गया तथा कुछ प्रयोगात्मक तौर 50 मीटर का काम प्रारम्भ किया गया, जिस पर लोगों द्वारा विभिन्न शोध-संस्थाओं द्वारा अपनी-अपनी विभिन्न राय व्यक्त की गयी। प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष डा0 भरत राज सिंह ने बताया कि लखनऊ में राम भवन चौराहा तथा साइकिल ट्रेक पर सौन्दरीकरण के साथ पेड़ो के ग्रोथ में बढ़ोत्तरी राम भवन चौराहा तथा साइकिल ट्रेक पर सौन्दरीकरण के साथ पेड़ो के ग्रोथ में बढ़ोत्तरी में प्रथम स्थान तथा पूरे प्रदेश में स्थान तीसरा रहा पार्षद अरून तिवारी के प्रयास से राजीव गाँधी वार्ड-।। निरन्तर स्वच्छता, सिंगल उपयोग प्लास्टिक को समाप्त करने तथा शहर को स्मार्ट-सिटी के स्वरूप को परिवर्तित करने का निरन्तर नये-नये प्रयास कर शहरवासियों को सजग कर रहे है। डॉ0 सिंह का कहना है कि यद्यपि इस प्रकार के सौन्दरीकरण के प्रयोग विदेशों में आस्ट्रेलिया के सिडनी व फ्रान्स में भी उन्होंने देखा है, इससे पेड़ों को कोई नुकसान नहीं है, बल्कि उनका कहना है, पेड़ों को तनों को पेन्ट करने से जड़ों से पानी पेड़ के टहनि या पत्तों तक बिना तनों से वाष्पीकरण से प्रचुर मात्रा में पहुँचेगा, जिससे उनकी ग्रोथ अधिक होगी। आज सभी पेन्ट किये हुए पेड़ों का गहन परीक्षण किया गया इस प्रयोग को शहरवासी अवश्य देखे तथा अपने घरो के आस-पास प्रयोगकर पेड़ों के ग्रोथ में यथा सम्भव बढ़ोत्तरी के साथ शहर के सौन्दरीकरण में हाथ बंटाये।

